आयुर्वेद कॉलेज में संचालित अष्टावक्र इकाई के द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वैच्छिक श्रमदान करते स्वयंसेवक

दिनांक : 25 सितम्बर, 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय अन्तर्गत गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज् आयुर्वेद कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अष्टावक्र द्वारा चयनित ग्राम सोनबरसा में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. साध्वी नन्दन पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीएएमएस के सौ बच्चों को बीस–बीस की संख्या में पांच समूह बनाकर विभिन्न कार्यक्रम कराए गए।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजनः निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्राम वासियों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया और आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सकों से स्वास्थ्य से संबंधित परामर्श प्राप्त किए, जिसमें डॉ. किरण रेड्डी के नेतृत्व में डॉ. पूनम यादव, डॉ. विष्णु, डॉ. अखिलेश, बीएएमएस के विद्यार्थियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

बीएएमएस विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरुकता रैली का किया आयोजनः स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन कर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत परिसर को स्वच्छ कर दिया स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

पोस्टर प्रदर्शनी के द्वारा साइबर सुरक्षाए महिला सशक्तिकरण का दिया गया संदेश : महिला सशक्तिकरण अभियान और पर्यावरण सुरक्षा के अन्तर्गत स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत भवन पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें बीएएमएस विद्यार्थियों ने शिक्षित नारी सब पर भारी, नारी का सम्मान देश का अभिमान आदि स्लोगन के साथ ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया।

सोनबरसा ग्राम प्रधान ने सभी विद्यार्थियों और चिकित्सकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय नित नए अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य, पर्यावरण और विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कर रहे जागरुक।

शिविर में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ, आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सकों सहित राष्ट्रीय सेवा योजना बीएएमएस अष्टावक्र इकाई के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।